



# मालिकों को लौटाए 321 गुम मोबाइल

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 नवम्बर।** जिले में गुम हो रहे मोबाइल फोन की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भिंड पुलिस ने एक बार फिर सराहनीय काम किया है। एसपी डॉ. असित यादव को लगातार मोबाइल

## गुम मोबाइलों की बरामदगी में भिंड पुलिस की बड़ी कामयाबी



गुमशुदगी के आवेदन मिल रहे थे, जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए उन्होंने एएसपी संजय पाठक को सभी मामलों में प्राथमिकता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

निर्देशों के बाद एएसपी के मार्गदर्शन में जिले के सभी थानों और साइबर सेल को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल ट्रेस करने में लगाया गया। डीएसपी दीपक तोमर, सीएसपी निरंजन राजपूत और एसडीओपी रविंद्र वास्कले के निर्देशन में साइबर सेल और थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मई 2025 से अब तक 321 मोबाइल फोन बरामद कर लिए। इनकी अनुमानित कीमत करीब 80 लाख 25 हजार रुपए है। बरामद किए गए मोबाइल न सिर्फ भिंड जिले से बल्कि उप्र, गुजरात, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, झारखंड, केरल, असम और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से भी ट्रेस किए गए। इनमें रीयलमी, वीवो, ओपो, एमआई, सैमसंग, टेक्नो, इनफिनिक्स, मोटोरोला और वनप्लस जैसी कंपनियों के मोबाइल शामिल हैं। सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों और साइबर सेल टीम की मौजूदगी में मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। कई लोगों ने बताया कि आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण नया मोबाइल खरीदना मुश्किल था, ऐसे में मोबाइल वापस मिलना उनके लिए बड़ी खुशी की बात है। मोबाइल पाने वालों में सेना, पुलिस व होमगार्ड के जवान, पूर्व सैनिक, खिलाड़ी, विद्यार्थी, शिक्षक, गृहणियां व आमजन शामिल रहे। सभी ने भिंड पुलिस और साइबर सेल टीम के प्रयासों की सराहना की। मई 2025 में भिंड पुलिस ने 307 मोबाइल रिकवर किए थे। पुलिस ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# एसडीएम ने एसआईआर की जमीनी हकीकत परखी

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 नवम्बर।** लहार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 के अंतर्गत संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को गति देने एवं इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुविभागीय

## बोहारा गांव में किया निरीक्षण



अधिकारी (राजस्व) एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी लहार विजय सिंह यादव ने शनिवार को बोहारा गांव का दौरा कर फील्ड स्तर पर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान यादव ने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से घर-घर जाकर किए जा रहे सर्वे, गणना प्रपत्रों के वितरण और संग्रहण, मतदाताओं की पात्रता जांच तथा सूची में नाम जोड़ने-हटाने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ से उपस्थित होकर यह भी जाना कि पुनरीक्षण कार्य में क्या-क्या व्यावहारिक चुनौतियाँ सामने आ रही हैं और उन समस्याओं का समाधान किस प्रकार किया जा सकता है। एडीएम ने बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाता सूची की शुद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सर्वे के दौरान किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर कार्य की समय-सीमा निर्धारित है और प्रत्येक कर्मचारी को जिम्मेदारी पूर्ण करते हुए समय पर सर्वे एवं डिजिटाइजेशन कार्य पूरा करना होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि फील्ड में किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो उसे तुरंत उनके संज्ञान में लाया जाए ताकि त्वरित समाधान किया जा सके और पुनरीक्षण कार्य प्रभावित न हो। यादव ने मौके पर मौजूद पंचायत सचिव तथा अन्य कर्मचारियों को भी एसआईआर कार्य में सक्रिय सहयोग देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाताओं की वास्तविक स्थिति, घर-घर सर्वे की प्रगति और दस्तावेजों के संधारण की प्रक्रिया को करीब से देखा। यादव ने कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन कार्य लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसलिए यह प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता, संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ संपादित की जानी चाहिए। ग्राम बोहारा में किए गए इस निरीक्षण से बीएलओ सहित संबंधित अमले में सक्रियता देखी गई और पुनरीक्षण कार्य की रफ्तार को और तेज करने के निर्देश दिए गए।

# हत्या के प्रयास में फरार आरोपी दबोचा



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 नवम्बर।** बरासो थाना

## एसपी की इनाम घोषणा के बाद की गई संयुक्त कार्रवाई, देशी कट्टा और कारतूस भी बरामद

पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। हत्या के प्रयास के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर एसपी डॉ. असित यादव द्वारा 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

बरासो थाना प्रभारी मनोज रावत ने बताया कि फरियादी ने 11 नवंबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दो आरोपियों ने जान से मारने की नियत से उस पर गोली चलाई। शिकायत पर थाना बरासों में आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी कर प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार थे। इसी दौरान सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी वैशली नदी स्थित बरासो पुल के पास कहीं भागने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर फरार आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त लोहे का देशी कट्टा और खाली कारतूस भी बरामद कर लिए। गिरफ्तार आरोपी को विधिवत कार्रवाई करते हुए न्यायालय मेहगांव में पेश किया जा रहा है, जहां से उसे उपजेल मेहगांव भेजा जाएगा।

# समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 नवम्बर।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों एवं विभागीय गतिविधियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

## कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित समाधान के दिए निर्देश





बैठक में जिले के सभी विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित होकर अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किए।

बैठक के दौरान कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने समय-सीमा वाले विभागीय पत्रों, लंबित प्रकरणों और योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग निर्धारित समय-सीमा में पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें, जिससे शासन स्तरीय मूल्यांकन में भिण्ड जिले की रैंकिंग बेहतर हो सके।

**सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की सख्त समीक्षा :** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की स्थिति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि अभी भी कई विभागों में शिकायतें लंबित हैं, जिन्हें शीघ्र, प्रभावी और संतोषजनक तरीके से निपटाया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 50 दिनों से अधिक लंबित शिकायतें चिंता का विषय हैं। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से इन शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निराकरण करें। शिकायत समाधान की गुणवत्ता ऐसी हो कि दोबारा शिकायत दर्ज न करनी पड़े।

**भूमि आवंटन प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश :** बैठक में कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने विभागों में लंबित भूमि आवंटन प्रकरणों पर चर्चा कर सभी विभागों से कहा कि जो भी प्रकरण वर्षों से रूके हुए हैं, उन्हें साझा कर त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भूमि आवंटन से जुड़े मामलों में अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### ई-ऑफिस प्रणाली का अनिवार्य उपयोग

कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के उपयोग की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि अब सभी कार्यालयीन कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से ही किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी फाइलें कलेक्टर आईडी पर ई-ऑफिस के माध्यम से भेजी जाएं। नोटशीट भेजते समय संबंधित कार्रवाई की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें। ई-ऑफिस में लंबित फाइलों को तत्काल निस्तारित किया जाए।









# सांसद के नेतृत्व में निकली जिला स्तरीय एकता पदयात्रा

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 नवम्बर।** राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर सोमवार को जिले में

## एक भारत श्रेष्ठ भारत के नारों से राष्ट्रभक्ति की भावना जीवंत

सांसद संध्या राय के नेतृत्व में भव्य जिला स्तरीय एकता पदयात्रा (यूनिटी मार्च) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा, एएसपी संजीव पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया, एसडीएम सहित विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, एनसीसी कैडेट, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

**निराला रंग विहार ग्राउंड से हुआ शुभारंभ :** एकता पदयात्रा का शुभारंभ निराला रंग विहार मेला ग्राउंड से हुआ। इसके बाद यात्रा महावीरगंज, बजरिया, भिण्ड किला रोड, गोरी रोड होते हुए पुनः मेला ग्राउंड पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। सांसद संध्या राय ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर यात्रा की शुरुआत की। राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन और राष्ट्रीय एकता की शपथ के साथ वातावरण राष्ट्रभक्ति से गुंजायमान हो उठा।

**सांसद ने सरदार पटेल के योगदान को किया याद :** सांसद राय ने संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्रता के बाद देश की 560 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर राष्ट्र की अखंडता की नींव रखी। उनकी कूटनीति, दृढ़ इच्छाशक्ति और देशप्रेम ने भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाने में निर्णायक भूमिका निभाई। उनकी विचारधारा और नेतृत्व आज भी हर नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है।

**विद्यार्थियों और एनसीसी कैडेटों का उत्साह देखते बना :** एकता पदयात्रा में स्कूली विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेटों और सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के नारों ने पूरे मार्ग में उत्साह और देशभक्ति का अद्भुत वातावरण बना दिया।

**मेहगांव के गोरमी में भी आयोजित हुई दूसरी पदयात्रा :** 150वीं जयंती वर्ष के तहत मेहगांव विकासखंड के गोरमी में दूसरी पदयात्रा का शुभारंभ पटेल हायर सेकेंडरी स्कूल गोरमी से हुआ। पदयात्रा लालमन बाबा मंदिर तक पहुंची, जहां स्वच्छता अभियान चलाया गया। पुनः स्कूल पहुंचकर कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता केपी सिंह भदौरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक, श्रीकृष्ण कटारे, जयवीर पुरोहित, पूर्व मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह भदौरिया, सत्यभान सिंह नरवरिया, सुनीता निर्मल आर्य, रमन सिंह भदौरिया, जयकुमार जैन, कमल सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### छात्रों को सायबर अपराध से बचाव की दी गई जानकारी

एकता पदयात्रा के पूर्व मुस्कान अभियान के तहत एएसपी संजीव पाठक ने छात्र-छात्राओं को सायबर अपराधों के बढ़ते खतरों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को बताया कि ऑनलाइन ठगी, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ब्लैकमेलिंग, सायबर बुलिंग, अंजान लिंक पर क्लिक करने के खतरे, ओटीपी व पासवर्ड सुरक्षा आदि विषयों पर सतर्क रहना अत्यंत जरूरी है। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक भी किया।

# रोहित करैया बने भाजपा मंडल अध्यक्ष

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 24 नवम्बर।** मेहगांव भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशन में भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरबरिया ने रोहित करैया को भाजपा मण्डल अध्यक्ष नियुक्त किया जारी की गई सूची मे भिडं जिले के मेहगांव मंडल अध्यक्ष पद हेतु रोहित करईया के नाम की घोषणा की,



रोहित करैया ने भारतीय जनता पार्टी के बरिष्ठ नैत्रत्व का आभार प्रकट करते हुऐ कहा है कि पार्टी ने हमे जो दायित्व सौपा है उसके प्रति निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यो का निर्वहन करने के लिए कटिब्ध रहूगां,

करैया ने पार्टी व्दारा सौपें गये दायित्व पर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शासकीय कार्य में बाधा डालने पर एक युवक पर मामला दर्ज

**श्योपुर, 24 नवम्बर।** थाना वीरपुर मारपीट फरि. बीरवल पुत्र शगुनलाल जाटव उम्र 24 साल नि. ग्राम घूघस ने रिपोर्ट की कि दि. 23.11.25 के 15.00 बजे स्थान मुकेश जाटव के घर के सामने ग्राम घूघस आरोपीगण सुनील पुत्र रामहेत , राजू पुत्र बसंता जातिगण जाटव नि.गण सदर ने फरि. की मारपीट की गालिया दी शासकीय कार्य में बाधा डाली एवं जान से मारने की धमकी दी । दि. 23.11.25 के 20.05 बजे अप. क्र. 99/25 धारा 132,296,115 (2),351(3), 3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।



# मंत्री शुक्ला ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भारौली का किया लोकार्पण

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 नवम्बर।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भारौली का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे.एस. यादव, सीबीएमओ डॉ अनिल शर्मा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि इस नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आरंभ होने से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार आएगा।

उन्होंने बताया कि अब ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों के लोगों को सामान्य बीमारियों के उपचार और प्राथमिक चिकित्सा के लिए शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। यह केंद्र न केवल उपचार की सुविधाएं प्रदान करेगा, बल्कि जनस्वास्थ्य जागरूकता, टीकाकरण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों को भी सशक्त करेगा।

# 278 छात्र-छात्राओं को नि :शुल्क साईकिल का हुआ वितरण

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 24 नवम्बर।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में सांदीपनि शासकीय विद्यालय अमायन में नि:शुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित तथा कन्या पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में 278 छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साईकिल का वितरण किया गया, जिसमें 164 छात्र एवं 114 छात्राओं को साईकिल वितरण हुआ। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे उन्हें स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी, इससे दूरदराज से आने वाले विद्यार्थी आसानी से स्कूल पहुंच सकेंगे और उनकी पढ़ाई में बाधा कम होगी।

मंत्री शुक्ला ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा को सुलभ और सहज बनाना है, ताकि बच्चे समय पर स्कूल पहुंच सकें और उनकी उपस्थिति में सुधार हो। मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों से कहा कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं और मेहनत से अपने सपनों को साकार करें। उन्होंने कहा कि यह सरकार की प्रतिबद्धता है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और समग्र विकास की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।





# असुरों का उत्पात बढ़ता है तब भगवान अवतार लेते हैं : पं . शास्त्री

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 24 नवम्बर।** बड़े हनुमान मंदिर अटेर रोड भिंड में श्रीराम कथा के तृतीय दिवस में कथा व्यास पं. सोमेश शास्त्री ने श्रीराम जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि जब जब पृथ्वी पर अधर्म होता है तब तब प्रभु अवतार लेकर पृथ्वी पर आते है अपने भक्तों की रक्षा करते और विधर्मियों का संहार करते है, धर्म की स्थापना करते हैं, राक्षसों का संहार तो भगवान वैकुंठ धाम से भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान तो धरा धाम पर अपने भक्तों को आनंद देने आते है, सबरी की कुटिया को पवित्र करने के लिए,भक्त प्रह्लाद पर अनुग्रह करने, ध्रुव के दर्शन करने और गोप ग्वालों के साथ आनंद लेने एवं देने के लिए भगवान अपने बैकुंठ धाम को छोड़कर धरा धाम पर आते है, आयोजक - बड़े हनुमान मंदिर अटेर रोड भिंड न्यास समस्त ट्रस्टीजनों ने सभी क्षेत्र वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक भक्तगण श्री राम कथा श्रवण कर पुण्य लाभ उठाए।





## आम सूचना

श्री माताप्रसाद राठौर पुत्र श्री ओमप्रकाश के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम कीरथपुरा, प.ह.नं.35, रा.नि.वृत गोहद, परगना गोहद व जिला भिण्ड (म.प्र.) है जो नगर पालिका गोहद वार्ड क्र. 17 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.77 ग्राम कीरथपुरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भूखण्ड दीगर, पश्चिम में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूखण्ड उत्तम सिंह एवं दक्षिण में-सम्पत्ति विक्रेता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री जगदीश सिंह (नाबालिग) पुत्र श्री कप्तान सिंह सरपरस्त माँ श्रीमती रामरती पत्नी श्री कप्तान सिंह, श्री कोक सिंह पुत्र श्री सरमन सिंह के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री कोक सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री माताप्रसाद राठौर पुत्र श्री ओमप्रकाश को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी042852020ए1413221 दिनांक 21.07.2020 से विक्रय की गई। श्री माताप्रसाद राठौर द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मुथूट होमफिन (इण्डिया) लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों एवं श्री जगदीश सिंह को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
भवन क्र.52 . कैलाश बिहार,
फेडरल बैंक के पास
कार्या.-सिटी सेन्टर,
ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710